# दुनिया के टॉप 100 संस्थानों में शामिल हुआ आईआईटी इंदौर, मिली 61वीं रैंक

## पहली बार वर्ल्ड रैंकिंग में आईआईटी को जगह मिली

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

टाइम्स हायर एजुकेशन की हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनॉमी रैंकिंग में दुनिया के 442 शिक्षण संस्थानों में से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर 61वीं रैंक पर आया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब संस्थान का नाम वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल हुआ है। संस्थान को टीचिंग एंड रिसर्च के लिए 30-30 फीसदी, साइटेशंस के लिए 20 फीसदी और इंटरनेशनल एंड इंडस्ट्रीज के लिए 10-10 फीसदी वैटेज मिला है। चीन की दो यूनिवर्सिटी के बाद आईआईटी इंदौर तीसरे स्थान पर है। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप माथुर का कहना है रैंकिंग से साबित होता है कि संस्थान जिन मकसदों पर काम कर रहा है वह ग्लोबल स्तर के हैं। -पेज 11 भी पढ़ें

### आईआईटी मुंबई को पछाड़ा था

टाइम्स हायर एजुकेशन की 2019 की 'इमर्जिंग एंड टेक्नोलॉजी' लिस्ट में आईआईटी इंदौर ग्लोबल 351-400 रैंकिंग के बीच में था। देश में आईआईटी मुंबई को पछाड़ते हुए आईआईटी इंदौर ने दूसरा स्थान बनाया था।

**Nai Dunia (Indore), 17th Janurary 2019, Page-1**

**Contd.. on Page-11**

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2019 में भारत के 49 संस्थान शामिल

WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2019

**रैंकिंग में शामिल**

| 43 | 450 |
|---|---|
| देश | विश्वविद्यालय |

**लंदन स्थित वैश्विक संगठन टाइम्स हायर एजुकेशन की हाल ही में जारी इमर्जिंग इकोनॉमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2019 में भारत के 49 संस्थानों ने जगह बनाई है। पिछले साल ये संख्या 42 थी। सूची में शीर्ष 200 संस्थानों में भी भारतीय यूनिवर्सिटी बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब रहीं और पिछले साल के 17 संस्थानों से बढ़कर इस बार यह संख्या 25 हो गई है। इस रैंकिंग में 14वें पायदान पर भारतीय विज्ञान संस्थान (आइआइएससी) बेंगलूरु भारत में शीर्ष पर है। वैश्विक स्तर पर चीन की शिंघुआ यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पहले पायदान पर है।**



भारतीय विज्ञान संस्थान (आइआइएससी) बेंगलूरु भारत में शीर्ष पर



## शीर्ष पर काबिज चीन

सूची में चीन के सबसे अधिक 72 संस्थान शामिल हैं। शिंघुआ यूनिवर्सिटी समेत शीर्ष पांच में से चार संस्थान चीन के हैं। पीकिंग यूनिवर्सिटी दूसरे स्थान पर, जिहांग यूनिवर्सिटी तीसरे, यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑफ चाइना चौथे स्थान पर और मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है।

## भारत में घटत-बढ़त

14वें स्थान पर भारतीय विज्ञान संस्थान (आइआइएससी) बेंगलूरु और 27वें स्थान पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मुंबई इस साल रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसके हैं। हालांकि आइआइटी रुड़की 21 पायदान की छलांग लगाते हुए पहली बार 35वें स्थान पर पहुंचा है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और एमिटी यूनिवर्सिटी इस साल शीर्ष 150 में जगह बनाने में कामयाब रहे। वहीं भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे और आइआइटी हैदराबाद पहली बार शीर्ष 150 संस्थानों में शामिल हुए।

## सूची में भारतीय संस्थान

| नाम | रैंक |
|---|---|
| आइआइएससी बेंगलूरु | 14 |
| आइआइटी मुंबई | 27 |
| आइआइटी रुड़की | 35 |
| आइआइटी कानपुर | 46 |
| आइआइटी खड़गपुर | 55 |
| आइआइटी इंदौर | 61 |
| जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन ऐंड रिसर्च | 64 |
| आइआइटी दिल्ली | 66 |
| आइआइटी मद्रास | 75 |
| सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी | 93 |

**मारी छलांग:** 61वें पायदान पर आइआइटी इंदौर और 64वें स्थान पर रहा मैसूर स्थित जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन ऐंड रिसर्च इस साल पहली बार टाइम्स की इमर्जिंग इकोनॉमीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल हुए हैं।



भारतीय संस्थानों ने उभरती अर्थव्यवस्था के बीच वैश्विक स्तर पर भी अपार क्षमता का प्रदर्शन किया है। हालांकि वैश्विक औसत के मामले में प्रदर्शन कमजोर है।

**एली बोथवेल**, टाइम्स हायर एजुकेशन में वैश्विक रैंकिंग संपादक

**Nai Dunia (Indore), 17th Janurary 2019, Page-11**